भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

website:www.bsgmp.net Email bsgmadhyapradesh@gmail.com. Phone : 2661263, Fax: 2737446

क्रमांक/ 1342 /रामु/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 19/6/2017

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
सामाजिक वानिकी, विंग प्रथमतल
सतपुडा भवन भोपाल ।

विषय :– सघन वृक्षारोपण दिनांक 2 जुलाई 2017 का आयोजन ।

–0–

विषयान्तर्गत लेख है कि भारत स्काउट एवं गाइड नवयुवकों के लिये शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक अन्तःशक्ति के विकास के लिये एक शैक्षिक आंदोलन है । जिसमें क्रियाकलापों के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार भावी नागरिक के रूप में दूसरों एवं स्वयं के प्रति कर्तव्य के लिये जिम्मेदार बनाया जाता है ।

आन्दोलन के विभिन्न कार्यक्रमों में इस प्रकार के कार्यक्रम सम्मिलित किये जाते है । जिससे वे स्वास्थ्य, कला कौशल, चरित्र, समाज सेवा एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक हो । भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश द्वारा समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु **सम्पूर्ण प्रदेश में 2 जुलाई 2017 से 10 हजार वृक्ष लगाकर सघन वृक्षारोपण अभियान** प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित किया हैं । जिससे प्रदेश के प्रशिक्षण केन्द्र, जिला मुख्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों व नमामि नर्मदे के तटो पर वृक्षारोपण किये जाने का कार्यक्रम है ।

प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर वन विभाग की नर्सरी से पौधों की आवश्यकता होगी । चूंकि स्काउट–गाइड समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु यह वृक्षारोपण किया जा रहा है । अतः इस हेतु वन विभाग से निःशुल्क पौधे एवं ट्री गार्ड उपलब्ध कराने हेतु अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देश जारी करने की आवश्यकता होगा ।

कृपया इस कार्यक्रम हेतु प्रत्येक जिले के वन मण्डल अधिकारी को निःशुल्क पौधे एवं उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड **दिनांक 24 जून 2017 उपलब्ध कराने** हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।

भारत स्काउट एवं गाइड के संभाग एवं जिले के अधिकारी जिले में वन मण्डल अधिकारी से सम्पर्क कर वृक्ष प्राप्त कर सके । अगर जिले में विभाग द्वारा कोई क्षेत्र वृक्षारोपण हेतु निर्धारित किया हो तो जिले के अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि स्काउट–गाइड वन विभाग द्वारा निर्धारित स्थल में भी वृक्षारोपण में सहयोग कर सके । कृपया इसकी सूचना इस कार्यालय को भी देने का कष्ट करें ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 1343 /रामु/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 19/6/2017

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) क्षेत्रीय मुख्यालय .... की ओर भेजकर आदेशित किया जाता है कि आप वन विभाग में सम्पर्क कर वृक्षारोपण का प्रस्ताव स्थानवार पूर्ण जानकारी विवरण के साथ दिनांक 24 जून 2017 तक उपलब्ध करावे एवं वृक्षारोपण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
2. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) जिला संघ ....की ओर पालनार्थ हेतु

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

D:\Activity_Gatividi\ACTI S-G 2017-18\ACTIVITI S-G Letter.docx-sahu-24